तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 सेवा संकल्प अभियान विकसित भारत की दिशा...



14 सेवा सहकारी समिति चरौदा में आम सभा का आयोजन



खबर संक्षेप

बाइक से शराब का अवैध परिवहन

महासमुंद। बाइक से शराब का अवैध परिवहन करने वाले युवक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद ग्राम केना से टेंगनापाली जाने का पक्की रोड पुलिया के पास ग्राम केना के पास एक बाइक चालक को रोका। जिसने पूछताछ में अपना नाम अनिल यादव पिता मिठ्ठू प्रसाद यादव (35 साल) ग्राम केना होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए और बाइक को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई



अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

महासमुंद। अज्ञात वाहन से की ठोकर से बुजुर्ग की मौत के मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस न बताया कि थाना पटेवा के मर्ग क्रमांक 44/2026 धारा 194 बीएनएसएस मृतक भोंदूराम साहू पिता तीरथ राम साहू (62 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बुजुर्ग की मृत्यु अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आ चोट से हुई है। अज्ञात वाहन चालक के धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

विडंबना : बेलसोंडा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लक्ष्य समय के बाद भी अंतिम चरण में नहीं

पहले पोल हटेंगे फिर पटरी के ऊपर होगा गर्डर लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेलसोंडा ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। सितंबर 2024 में शुरू हुई परियोजना को 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन निर्धारित समय निकलने के बाद भी काम अंतिम चरण तक नहीं पहुंच सका है। मार्च 2026 की समय-सीमा भी बीत चुकी है। अब निर्माण एजेंसी के अनुसार शेष काम पूरा करने में तीन से चार महीने और लग सकते हैं। ओवरब्रिज के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से एक रेलवे लाइन के ऊपर गर्डर स्थापित करना है। इसी हिस्से में पुराने विद्युत पोल और तार अभी भी मौजूद हैं। हालांकि नई विद्युत लाइन के लिए पोल और तार पहले ही लगाए जा चुके हैं, लेकिन पुरानी लाइन को हटाकर विद्युत आपूर्ति नई व्यवस्था से जोड़ना बाकी है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, रेलवे ट्रैक वाले हिस्से में आगे का काम करना मुश्किल बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार पुराने पोल और विद्युत लाइन हटाने की तैयारी चल रही है। करीब 15 दिनों में इन्हें हटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद रेलवे से ब्लॉक लेकर पटरी के ऊपर गर्डर लांचिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत



वितरण कंपनी महासमुंद के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि नई विद्युत लाइन के लिए पोल और तार लगाने का काम पूरा हो चुका है। अब पुरानी लाइन से नई व्यवस्था में कनेक्शन स्थानांतरित किया जाना बाकी है। उनके अनुसार यह कार्य भी निर्माण एजेंसी को ही करना है।

बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर रोज लगने वाले जाम से निजात की उम्मीदों के बीच ओवरब्रिज निर्माण की राह में बिजली के पुराने पोल और तार सबसे बड़ी अड़चन बन गए हैं। नई विद्युत लाइन बिछ चुकी है, लेकिन पुरानी व्यवस्था हट नहीं पाई है। नतीजा यह कि रेलवे ट्रैक के ऊपर होने वाला अहम गर्डर लांचिंग का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

बारिश से प्रभावित

ओवरब्रिज के लिए तैयार किए जा रहे गर्डर की फेब्रिकेशन प्रक्रिया में वेल्डिंग हिस्सा है। बारिश के कारण इस काम की गति प्रभावित हुई है। खुले और निर्माणाधीन हिस्सों में मौसम का असर पड़ने से रफ्तार से काम करना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ बिजली के पुराने ढांचे को हटाना भी जरूरी है।

टू-लेन सड़क होगी

बेलसोंडा ओवरब्रिज को करीब 52.29 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित संरचना की लंबाई लगभग 1.23 किलोमीटर है। यह टू-लेन ओवरब्रिज होगा, जिससे रेलवे क्रॉसिंग के कारण प्रभावित होने वाले सड़क यातायात को वैकल्पिक ऊंचे मार्ग की सुविधा मिलेगी। परियोजना के लिए निर्धारित 18 महीने की अवधि समाप्त हो चुकी है।

रेलवे फाटक पर हर दिन बनती है जाम की स्थिति

बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग से रोजाना करीब 80 से 100 यात्री और मालगाड़ियां गुजरती हैं। रेल यातायात बढ़ने के साथ फाटक बंद होने की अवधि भी बढ़ती है। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग जाती है। व्यस्त मार्ग होने के कारण थोड़ी देर का ठहराव भी यातायात व्यवस्था पर असर डालता है। ओवरब्रिज का उद्देश्य सड़क यातायात को रेलवे फाटक से अलग करना है। इसके चालू होने के बाद वाहनों को ट्रेन के गुजरने के लिए बार-बार रुकना नहीं पड़ेगा। आवागमन का समय बचने के साथ क्रॉसिंग पर वाहनों के दबाव कम होगा।

साढ़े चार हजार की महुआ शराब बरामद

महासमुंद। सांकरा पुलिस ने कटंगतराई के पास एक बाइक सवार के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अवैध शराब रखकर ओडिशा से देवरी की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने कटंगतराई के पास उक्त बाइक का पीछा किया, इस दौरान मोटर सायकल में पीछे बैठा व्यक्ति शराब लेकर कूद गया और दूसरा मोटर सायकल को लेकर भाग गया। मौके पर पुलिस ने आरोपी अजय कुमार मुंडा पिता जगलाल मुंडा (26 साल) लालमाटी थाना सांकरा को पकड़ा। जिसने पूछताछ में बताया कि मोटर सायकल को अयोध्या निषाद पिता स्व बंधनसिंग निषाद (35 साल) लालमाटी चला रहा था और वह मोटर सायकल के पीछे में शराब लेकर बैठा था। आरोपी के कब्जे से 90 पाउच चिड़ी छाप ओडिशा निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 4500 रुपए को बरामद कर बरामद किया।

सौदा करने के बाद दूसरे को बेच दी जमीन, महिला के खिलाफ एफआईआर

महासमुंद। सौदा कर रकम लेने के बाद जमीन की बिक्री दूसरे व्यक्ति को करने के मामले में सरायपाली थाने में एक महिला के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि गिरसा के कातिकराम पटेल द्वारा आवेदन देकर शिकायत की गई है कि ग्राम बहिरपाली की रूखमणी चौधरी के द्वारा अपने हिस्से की ग्राम केंदुवा में स्थित अपनी जमीन प.ह.नं. 06 खसरा नंबर 124 रकबा 0.2000 हेक्टेयर को 36,11,000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से बिक्री हेतु उसकेसाथ गवाह तेज कुमार पटेल ग्राम केंदुवा, सावित्री चौधरी ग्राम बरिहापाली के समक्ष सौदा किया था। जिसके बाद विभिन्न तारीखों को उसने कुल 5,00,000 रुपए दिए थे। इसके हाज उक्त जमीन को रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्री करने कहने पर या पैसा वापस करने की बात कहने पर महिला रजिस्ट्री करने में टालमटोल करने लगी। कुछ महीने बाद आवेदक को पता चला कि रूखमणी चौधरी द्वारा उक्त जमीन प.ह.नं. 06 खसरा नंबर 124 रकबा 0.2000 हेक्टेयर को ग्राम केदुवा निवासी चुम्मन पटेल को बिक्री कर दिया गया है और उसका पैसा वापस नहीं किया है। प्रार्थी के शिकायत आवेदन के आधार पर सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

डीजे ने किया बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिला न्यायाधीश ने आवासीय विद्यालय पहुंचकर उपस्थित दिव्यांग बच्चों के हालचाल जाना तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं साथ दिव्यांग बच्चों को दी जा रही मूलभुत सुविधाओं से भी अवगत हुए। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन गुणवत्ता, पानी, स्वच्छता अथवा



मनोरंजन के साधन, साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों एवं उसके शिक्षिकाओं द्वारा बनाए राखियां, चित्रकला तथा वेस्ट सामाग्रियों से बनाए गए वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखकर उनकी कलाओं की सराहना की गईं। उपस्थित अधिकारियों द्वारा कार्यरत सहस्टाफ कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों को उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो, शासकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग अवासीय विद्यालय के अधीक्षक सुनीता तिर्की आदि उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में किया पौध रोपण

सरायपाली। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन व शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पी बाघ के नेतृत्व में एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (रसायन शास्त्र) के विद्यार्थियों ने वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ एवं एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं औषधि पौधे रोपित किए। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने पौधरोपण के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुए पौधों की उचित देखभाल हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

महासमुंद। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 1 अक्टूबर को रेड क्रॉस सोसाइटी महासमुंद की ओर से मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 लोगों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति संदीप दीवान, उपाध्यक्ष पारस चोपड़ा, सदस्य आरडी अन्वर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहने एवं सिविल सर्जन डॉ. बसंत कुमार माहेश्वरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति संदीप दीवान ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वस्थ एवं पात्र लोगों को आगे आकर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरत के समय मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान कर इस मानवीय सेवा में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति भी जागरूक किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान दिवस हर साल 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।

जोगनीपाली में सजाया सेवा का आंगन, कार्यक्रम में गर्भवती माताओं और बच्चों को मिला अपनापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नारायण साहू के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम जोगनीपाली में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, मितानिनों, गर्भवती माताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से संजीदा खान, आरएचओ फगनी बरिहा, सीएचओ मितानिन शशि तिर्की एवं गंगा सिदार उपस्थित रहीं। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं चंद्रलेखा पंकज, कंचन प्रधान, पंचमी तांडी एवं सेत कुमारी ने कार्यक्रम की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नेत्रावती साहू एवं भागीरथी टंडन ने भी माताओं और बच्चों को आवश्यक जानकारी दी।



कार्यक्रम में सरपंच सस्मिता साहू, प्यारीलाल कश्यप एवं पंचगण की उपस्थिति रही। शिक्षा विभाग से प्रधान पाठिका पद्ममिनी शतपथी एवं शिक्षक दिलीप प्रधान ने भी सहभागिता की। इस दौरान गर्भवती माताओं पुनिया सिदार, अमिता भट्ट एवं सुनौली चौहान सहित ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) से उपचार के बाद वापस लौटी बच्ची गौरी की भी विशेष रूप से उपस्थिति रही। बच्ची के स्वास्थ्य में हुए सुधार को लेकर परिवार एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर अशोक नेताम सहित उपस्थित लोगों ने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को बच्चों के पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को गांव में स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत ही उपयोगी पहल बताया एवं शासन से ऐसा कार्यक्रम निरंतर चलाए जाने का मांग किया। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी।

बाइक को कार ने मारी टक्कर, तीन युवक घायल

महासमुंद। एनएच 53 में छिलपावन चौक से आगे एक बाइक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार तीन युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। गोकुल कौशिक पिता खेमाराम कौशिक उर्फ खेमाराम सेन (20 वर्ष) निवासी बरेकेल खुर्द 21 सितंबर को झाकेश ध्रुव के पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 4654 में अपने दोस्त कोमल ध्रुव एवं झाकेश ध्रुव के साथ मीनाबाजार देखने झलप गया था। मीनाबाजार देखकर वापस घर आने के दौरान एनएच 53 रोड छिलपावन चौक के आगे शिव इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पास रात्रि करीबन 10.30 बजे पिथौरा की ओर से आ रही सिल्वर रंग स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीएन 0681 के चालक द्वारा अपने कार को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। जिससे तीनों को चोटें आई। एक्सीडेंट के बाद उपचार हेतु कोमल ध्रुव को रायपुर, झाकेश ध्रुव को निजी अस्पताल झलप में एवं प्रार्थी को निजी अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सूखा नदी की ओर बढ़ रहा हाथी, इन गांवों के लिए अलर्ट जारी

महासमुंद। दंतैल हाथी के कक्ष क्रमांक 35 होते हुए सूखा नदी की ओर बढ़ने की सूचना मिल रही है। इसके चलते वन विभाग ने ग्राम सरकडा, नागझर, सोरिद, करपी, लोहझर, बनगंवा, तरजुंगा, गुंडरदेही, बम्हनदेही, नाचनबाय के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं संभावना व्यक्त की गई है कि आज रात में दतैल हाथी वन मंडल गरियाबंद एवं वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर रेंज से निकलकर वन मंडल महासमुंद जिले में प्रवेश कर सकता है। इसके चलते महासमुंद वन क्षेत्र के ग्राम ग्राम धनसुली, जीवतरा, कोना, बकमा, खट्टी, केशवा, बोरियझर के ग्रामीणों को हाईअलर्ट किया गया है।

इनर व्हील क्लब ने गुरुकुल को दिए दो स्मार्ट बोर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम, कोसरंगी में इनर व्हील क्लब रायपुर ग्रेटर की ओर से ब्रह्मचारियों के अध्ययन के लिए दो स्मार्ट बोर्ड प्रदान किए गए, जिनका विधिवत लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. मंजूषा वैशम्पायन, वाइस डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रेखा जैन, क्लब अध्यक्ष पूजा अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष सोनिया नथानी, संगीता गोयल, पूजा जैन, प्रज्ञा नायडू, सुषमा अग्रवाल, उमा अग्रवाल एवं नम्रता दुबे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुकुल के विद्यार्थियों के सुमधुर भजन से हुई। नम्रता दुबे ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कराया। डॉ. मंजूषा वैशंपायन ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गुरुकुल के महामंत्री पंडित राकेश दुबे ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा का लाभ मिलने की बात कही। आचार्य मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल के विद्यार्थियों के लिए आने वाला समय उत्तम होगा। गुरुकुल परिवार ने इनर व्हील क्लब रायपुर के इस सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

शहर में राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ तथा जिला बॉल बैडमिंटन संघ महासमुंद द्वारा राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 28 से 02 अक्टूबर तक मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित किया गया हैं। जिसमें महासमुंद, बिलासपुर, बस्तर, धमतरी, गरियाबंद, बीएसपी, दुर्ग एवं रायगढ़ के कुल 20 बालक एवं बालिका टीम प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर पश्चात राज्य की टीम 45 वीं सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन भिलाई जिला दुर्ग में 03 से 07 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से शामिल होंगी।

छत्तीसगढ़ की बालक टीम में बिलासपुर से लियान टोप्पो, जैक तिग्गा, झुमुक टोप्पो, महेश बघेल, जीवन मौर्य बस्तर, आदित्य धमतरी, भूपेंद्र महासमुंद, डिगेश गरियाबंद, अरुण भिलाई स्टील प्लांट, नीलेश दुर्ग एवं बालिका टीम में बस्तर से गायत्री, शर्मिला, माहेश्वरी, धमतरी से परमेश्वरी, तमन्ना, महासमुंद से आकांक्षा, बिलासपुर से जॉन अलीना, रायगढ़ से आराध्या, भिलाई स्टील प्लांट से जिज्ञासा एवं दुर्ग से माहेश्वरी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की टीम 03 अक्टूबर को चैंपियनशिप में शामिल होने महासमुंद से भिलाई के लिए रवाना होगी।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर महासमुंद जिले में आयोजित होने पर वाई राजा राव महासचिव छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ, इसरार अहमद खान कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व विधायक महासमुंद विमल चोपड़ा, समाज सेवी बादल मक्कड़, तन्मय लूनिया, निधि लोकेश चंद्राकर, प्रीति बादल मक्कड़, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्रदेश सहसचिव अंकित जैन, इमरान अली, टिकेश्वर साहू, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी ने हर्ष व्यक्त किया एवं खिलाड़ियों से मुलाकात कर आवश्यक व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

जयंती पर कांग्रेसियों ने कहाः पार्टी की रीढ़ और सादगी के पर्याय थे परसराम भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में, शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद स्व. परसराम भारद्वाज की जयंती पर स्थानीय कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. परसराम भारद्वाज के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात प्रार्थना सभा एवं विचार-गोष्ठी आयोजित की गई।

विचार-गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ताओं ने स्व.परसराम भारद्वाज के गौरवशाली राजनीतिक सफर और संगठन के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा, ₹स्व. परसराम भारद्वाज कांग्रेस पार्टी की रीढ़ और सादगी के पर्याय थे। उन्होंने अविभाजित मध्य प्रदेश के दौर में विषम परिस्थितियों के बावजूद गांव-गांव घूमकर संगठन को मजबूत किया। उन्होंने सदैव सिद्धांतों की राजनीति की। उनका जीवन हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शहर महामंत्री देवेश शर्मा ने कहा, स्व. भारद्वाज का मानना था कि किसी भी संगठन की वास्तविक ताकत उसके आम कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और उन्हें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सदा अवसर दिया। आज हमें उनके इस सांगठनिक दृष्टिकोण को आत्मसात कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने कहा, स्व. परसराम भारद्वाज ने हमेशा किसानों, मजदूरों और समाज के शोषित वर्गों की आवाज को संसद से लेकर सड़कों तक बुलंद किया। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की उनकी दृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। शहर कांग्रेस सचिव राजेश नेताम ने कहा, ₹स्व. भारद्वाज ने जनसेवा और राजनीति को एक-दूसरे का पर्याय बनाया। उनका सौम्य व्यक्तित्व और अनुशासन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल एवं आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस सचिव बसंत चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, लक्ष्मी देवांगन, राशि महिलांग, शहर महामंत्री निर्मल जैन, सोमेश दवे, हीरा बंजारे, नितेंद्र बैनर्जी, सचिन गायकवाड़, तबरेज खान, देवेश शर्मा, गोपीचंद तारक, राजेश नेताम, मनोहर ठाकुर, राजू साहू, बसंत चंद्राकर, अरिश अनवर, भोलेनाथ गंधर्व, लोकेश मांझी, सुरेंद्र ठाकुर, दिनेश दुबे, तुलसी देवदास, पुरुषोत्तम दास, पवन ढीढी, ममता चंद्राकर, भानू आदि मौजूद रहे।



जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 55 आवेदन

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग विकासखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित कुल 55 आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में धान बिक्री के लिए वसीयत के आधार पर आदेश जारी करने, सर्वेयर कार्य का मानदेय भुगतान, जामबाहरा से कोसमखार में सड़क एवं पुलिया निर्माण, केशलडीह से कोसम नाला में पुलिया निर्माण, खीरसाली से केशलडीह तक वन भूमि में डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण, राजस्व प्रकरण अंतर्गत नाम सुधार, बटवारा, नवीन खसरा, नक्शा बटांकन, डिजिटल पट्टा जारी करने, बागबाहरा और तुमगांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को हटाने, बिजली बिल माफ करने, पेंशन, नोनी सशक्तिकरण योजना से लाभ दिलाने, विद्युत खंभा हटाने, हाईकोर्ट के आदेश पर दिवंगत पटवारी पति के सेवाकाल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान दिलाने, पीएम आवास स्वीकृति, आदिवासी जमीन के फर्जी नामांतरण, संलग्नीकरण, बोकरामुड़ा में बोरखनन, मकान के छत से जा रही विद्युत लाइन को हटाने, प्राकृतिक आपदा प्रकरण स्वीकृत करने, प्रमाणित नकल, रसोई गैस सिलेंडर दिलाने आदि के आवेदन पत्र शामिल हैं।

हाउसिंग बोर्ड गार्डन में 5 दिवसीय निःशुल्क योग एवं रोग निवारण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक चलने वाले पांच दिवसीय निःशुल्क योग एवं रोग निवारण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले ही दिन स्थानीय निवासियों और योग साधकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि महिला पतंजलि समिति की महामंत्री पूनम पटले एवं प्रभारी सुमति साहू द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित और तनावमुक्त जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। आधुनिक जीवनशैली में उत्पन्न होने वाले असाध्य रोगों से बचाव और उनके स्थायी निवारण में नियमित योगाभ्यास अत्यंत प्रभावशाली सिद्ध होता है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का कुशल संचालन महिला पतंजलि समिति से विशेष सहयोग प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षिका हेमलता कोसरे



द्वारा किया जा रहा है। पूरे पाँच दिवसीय सत्र के दौरान साधकों को पूनम पटले (महामंत्री, महिला पतंजलि समिति) तथा सुमति साहू (प्रभारी, महिला पतंजलि समिति) का सान्निध्य एवं निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

प्रथम दिन के अभ्यास सत्र में सहयोग शिक्षिका हेमलता कोसरे ने साधकों को शरीर को लचीला बनाने वाले सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन सहित भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण प्राणायामों का विधिवत अभ्यास कराया। साथ ही दैनिक आहार-विहार, प्राकृतिक दिनचर्या और वात-पित्त-कफ के संतुलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूत्रों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, पूनम पटले, सुमति साहू, हेमलता कोसरे, सुमन वर्मा, जमना साहू, योगिनाथ मेश्राम, भावना चंद्राकर, नीलम रावल, राधा साहू, नीतू साहू, गायत्री पटेल, मंजू वर्मा, पूजा पांडेय, मीना वर्मा, रामायण, पूर्णिमा साहू, चंद्रकला साहू, सोमदीप साहू आदि मौजूद रहे।

शहर में वस्त्र, पुस्तक एवं खिलौना दान अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा सेवा, सहयोग और सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवा संकल्प शिविर के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2026 से 08 अक्टूबर 2026 तक वस्त्रदान, पुस्तक दान एवं बच्चों के खिलौने दान अभियान आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत नगर के नागरिक अपने घरों में उपलब्ध स्वच्छ, अच्छी स्थिति में एवं उपयोग योग्य कपड़े, बच्चों के खिलौने, पुस्तकें तथा अन्य उपयोगी सामग्री नगर पालिका कार्यालय में दान कर सकते हैं। दान की जाने वाली सामग्री ऐसी होनी चाहिए, जिसका जरूरतमंद व्यक्ति सम्मानपूर्वक उपयोग कर सके। प्राप्त सामग्री को नगर पालिका द्वारा एकत्रित एवं व्यवस्थित कर जरूरतमंद एवं पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने महासमुंद के नागरिकों से इस अभियान में बड़ी संख्या में सहभागी बनने का विशेष आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि महासमुंद हमारा अपना शहर है और यहां रहने वाले हर जरूरतमंद की मदद करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सेवा के लिए बड़े साधनों की आवश्यकता नहीं होती, जरूरत होती है संवेदनशील सोच और मदद के लिए बढ़े हुए हाथ की। उन्होंने कहा कि हमारे घरों में रखे ऐसे कपड़े, पुस्तकें, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामान, जिनकी अब हमें आवश्यकता नहीं है, उन्हें घर में पड़े रहने देने के बजाय जरूरतमंदों तक पहुंचाना सच्ची सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी है। अध्यक्ष ने नगरवासियों से आग्रह किया कि हर परिवार कम से कम एक उपयोगी वस्तु दान करने का संकल्प ले। व्यापारी, सामाजिक संगठन, युवा, महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संस्थाएं भी इस अभियान से जुड़कर इसे व्यापक जनभागीदारी का रूप दें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास केवल सामग्री एकत्र करना नहीं है, बल्कि महासमुंद में सेवा और सहयोग की ऐसी भावना विकसित करना है, जिसमें जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने भी नगरवासियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा संकल्प शिविर की वास्तविक सफलता तभी होगी, जब महासमुंद का प्रत्येक वर्ग अपनी क्षमता के अनुसार इसमें योगदान देगा। उन्होंने कहा कि दान की गई वस्तु छोटी या बड़ी नहीं होती, उसके पीछे की सेवा भावना महत्वपूर्ण होती है। एक पुस्तक किसी बच्चे के सपनों को दिशा दे सकती है, एक खिलौना किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है।

शांत्रीबाई महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी दिवस अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, संचालक सदस्य हर्षित चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

समारोह के दौरान हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह द्वार हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। नाटक मंचन ने मोहा दर्शकों का मन - सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया। इनमें भारतेंदु हरिश्चंद्र का प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य नाटक अंधेर नगरी, सामाजिक मुद्दे पर आधारित एकांकी एक दिन तथा न्याय व्यवस्था में हिंदी की स्थिति पर आधारित नाटक अदालत में हिंदी प्रमुख रहे।



कविता पाठ एवं भाषण-विद्यार्थियों ने कविता पाठ एवं प्रेरणादायी भाषण के माध्यम से हिंदी भाषा के इतिहास, वर्तमान स्थिति तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए साथ ही विभिन्न कविताएं, भाषण, दोहा, चैपायी की प्रस्तुतियां दीं गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और अस्मिता की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह, बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर व मंच संचालन कर रही सहायक प्राध्यापक नेहा साहू द्वारा कविताएं प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित मंचस्थ अतिथियों ने खूब सराहा। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर नारायण चक्रधारी, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, अर्शिन श्लोमन, नरेंद्र तांडी, दामिनी साहू, हंसराज चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय रोजगार मेला 5 अक्टूबर को

महासमुंद। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा 05 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मचेवा, महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में 232 विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में एयरटेल पेमेंट बैंक, बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, मीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं प्रांत एनर्जी सहित निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों में 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 232 विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जिला स्तरीय रोजगार मेले में सम्मिलित होने के इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज के स्वयं के फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होना होगा।

यातायात जागरुकता व रेडियम वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महासमुंद। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम टोल प्लाजा ढांक द्वारा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात निययों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएचएआई टीम की ओर से यातायात सुरक्षा विशेषज्ञ चमन यादव एवं महेंद्र गिरी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य एचएल दीवान ने सड़कों में हो रहे गंभीर हादसों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक सुरक्षा ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। इसलिए वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चमन यादव एवं महेंद्र गिरी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, सेफ्टी नियमों और ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जीवन की महत्ता को रेखांकित करते हुए युवाओं को सही लेन में उचित सुरक्षा (हेलमेट व सीट बेल्ट) के साथ वाहन चलाने का सुझाव दिया। विद्यार्थियों को रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए सड़क सुरक्षा रेडियम का वितरण भी किया गया, ताकि वाहनों की दृश्यता बनी रहे और छात्र सुरक्षित सफर कर सकें। जागरूकता सत्र के पश्चात महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्राचार्य, उपस्थित अतिथियों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और प्राध्यापकों ने पूरे उत्साह के साथ पौधे रोपे और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने किया।

आयोजन : विकासखंड स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिला मंच, ड्राइंग और भाषण स्पर्धा में दिखी रचनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

- प्रतियोगिता में 56 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के 112 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सांस्कृतिक भवन पिथौरा में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड पिथौरा के 56 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के 112 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने ड्राइंग के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच और भाषण के जरिए विचारों एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

समापन समारोह में नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देवेश निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद मन्नू लाल ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना, बीआरसी नरेश पटेल, सहायक नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता रामकुमार नायक तथा व्याख्याता सुधीर प्रधान उपस्थित रहे।

देवेश निषाद ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ड्राइंग और भाषण जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा सामने रखने का अवसर मिलता है और उनमें रचनात्मक सोच, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा आगे बढ़ने की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें अपनी कला, विचार एवं अभिव्यक्ति को सामने रखने का अवसर देना है। विशिष्ठ अतिथि मन्नूलाल ठाकुर ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला, संस्कृति, भाषण और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त अवसर मिलें। क्योंकि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का निर्माण भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ड्राइंग प्रतियोगिता में भीथीडीह की गायत्री सिन्हा ने प्रथम स्थान हासिल किया। सलडीह की कविता चौहान द्वितीय और कोलदा की पूर्वी चक्रधारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में किशनपुर के कमल चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांकरा की अनुष्का बंजारा ने द्वितीय तथा रितिका साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नरेश नायक, गंगाराम चौहान, डीगम साहू, हेमलता साहू, सुरेखा डडसेना और हेमलता सावडे शामिल रहे। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक विक्रम वर्मा, अशोक पटेल, मनोज बरिहा, पद्मन लाल चौधरी, लोकनाथ सिन्हा, मिलु राम बरिहा, परसु राम बरिहा, खगेश्वर डडसेना और विजय सिन्हा सहित सभी संकुल समन्वयकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुधीर प्रधान एवं राजाराम पटेल ने किया। समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन में सहयोग देने वाले अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, विचार अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ आगे बढ़ने के लिए एक मंच भी मिला।

गांवों में नहीं बैठ रहे पटवारी, किसान व ग्रामीण चक्कर काटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 24 ग्राम पचरी में पटवारियों का ठहराव नहीं होने से कामकाज के लिए किसानों को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। क्योंकि, पटवारी हरीश चंद्राकर को जब से हल्का नंबर 24 का अतिरिक्त प्रभार मिला है तब से हल्का मुख्यालय में पटवारी नहीं बैठ रहे हैं। ऐसे में मानसून समाप्त होने के पहले किसानों को अपने खेती बाड़ी की तैयारी छोड़ विभिन्न गांवों में स्थित पटवारियों के कार्यालयों के चक्कर काटना मजबूरी है। छोटे-छोटे कार्य के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व प्रकरणों के निपटारे को लेकर सरकार गांवों में शिविर आयोजित कर लाभ पहुंचा रही है, लेकिन पटवारियों के कम समय के ठहराव के चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पटवारियों को अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहने अतिरिक्त प्रभार होने पर अपने मुख्यालय, अतिरिक्त प्रभार वाले मुख्यालय क्षेत्र में अन्य स्थानों पर ठहराव के लिए सप्ताह में दिन निर्धारित करते हुए इसकी सूचना दिया जाना चाहिए। ऐसे में लोगों को कामकाज के लिए हर दिन चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद पटवारी अपने मुख्यालय में नियमित नहीं बैठ रहे है। इससे छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारी सब जानते हुए भी मौन धारण किए हुए। प्रतिदिन तहसील मुख्यालय कार्यालय में दर्जनों ग्रामीण, किसान पटवारियों का पता पूछते दिख रहे हैं। पटवारी पंचायतों में हर सप्ताह बैठ रहे हैं या नहीं, इसके बारे में विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीण बोले: कभी-कभी आते हैं

ग्रामीण अमृत साहू, दिगेश्वर, धर्मेंद्र डड़सेना, होमेश्वर साहू, परशु राम, छोटू, संजू टंडन, प्रमोद सेंगर आदि ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि पटवारी मुख्यालय पर पटवारी कभी-कभी ही आते हैं। छोटे-मोटे कामकाज के लिए 10 किलोमीटर दूर बावनकेरा तक जाना पड़ता है। इसलिए पटवारी हल्का नंबर 24 के जनता की मांग है कि इस क्षेत्र को नियमित पटवारी की पदस्थापना की जाए।

भूमिपूजन में सम्मिलित हुए भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम



महासमुंद। ग्राम पंचायत पचेड़ा में मुख्य पहुंच मार्ग 600 मीटर का रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विशेष अतिथि महेंद्र जैन पार्षद, आनंद साहू भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं श्यामाबाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, मोहन मिरि उपसरपंच रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस गांव की मांग को प्रमुखता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री साव ने राशि स्वीकृति प्रदान की है। ग्राम पंचायत पचेड़ा के सरपंच श्यामाबाई टंडन एवं पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया।

15 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां कलेक्टर को प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के अलावा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी देत हुए कहा है कि उक्त जायज 15 मांगों का निराकरण नहीं किए जाने पर निकट भविष्य में संघ आंदोलन करने विवश होगा। इस संबंध में संघ के संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा, जिलाध्यक्ष श्यामलाल चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष आरके सिंह ने ज्ञापन सौंपने के बाद बताया कि संघ ने आगामी दो चरणों में मांगों का पूरा कराने कार्यक्रम निश्चित किया है। जिसमें पहला 12 दिसंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल रैली निकालने का निश्चय किया है। पश्चात दूसरे दिन 13 दिसंबर 26 को राज्य एवं केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों का एक संयुक्त सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने आगे बताया कि पेंशनभोगियों के अधिकारों पर हो रहे हमलों को विफल करना है। पेंशन नियम सत्यापन अधिनियम 2025 के अलावा 8 वें वेतनमान के विचारार्थ विषयों में पेंशन संशोधन को शामिल न करने के खिलाफ उनकी यह जंग है।

15 सूत्रीय मांगों में छग के पेंशनरों को 2 प्रतिशत डीए देय तिथि में प्रदान करें, प्रत्येक प्रा. स्वा. केंद्र में एक औषधि केंद्र का विधिवत संचालन करें। जिससे देशनरों को बस दवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि अधिकांश प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बंद पड़े है। वहीं जीवन दीप समिति में पेंशनर्स के पराधिकारियों को मुख्य सलाहकार सलाहकार नियुक्त किया जाए। पेंशनभोगियों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित करें। निश्चित मेडिकल भत्ता भी बढ़ाया जाए, वैलिडेशन एक्ट और गारंटी पेंशन खत्म करें। इसके अलावा बुजुर्ग के लिए रेल हवाई टिकिटों में 50 प्रतिशत छूट का प्रावधान फिर से शुरू करें तथा सभी राज्य केंद्र व स्वायत्त निकाय के कर्मियों के लिए ग्रेज्युटी, कंप्यूटेशन समेत सभी लाभों को बहाल करें। पीएफआरडीए बिल रद्द करने की मांग की गई है। इसके अलावा डीए/डीआर का 50 प्रतिशत हिस्सा पेंशन समेत अनेक मांगें शामिल है।

पंचशील नगर क्लबपारा में आंगन मिलन सेवा एवं पोषण सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पंचशील नगर क्लबपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन पर वार्ड पार्षद पीयूष साहू द्वारा नेवता भोज आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूकता दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, एल्डरमैन लाल विजय सिंह देव तथा वार्ड पार्षद पीयूष अमृत साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा मनीष शर्मा, महिला मोर्चा से पार्षद शुभ्रा शर्मा, प्रदेश मंत्री उत्तरा प्रहारे, सुधा साहू पार्वती साहू, चंद्रमणि शर्मा, सोनिया यादव, मैना कोसले और सुनीता साहू भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, किरित सोनी, सहायिका उषा बघेल एवं द्रोपदी साहू मौजूद रहीं। साथ ही सुपरवाइजर कुंती यादव, मितानिन सरोजनी माणिकपुरी और फुलेश्वरी साहू की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों के पोषण और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही नवजात शिशु के पहले स्तनपान के महत्व पर भी जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका और सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके माध्यम से बच्चों और महिलाओं के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान हांडी फोड़, तिली लगाओ, मेहंदी सहित कई गतिविधियां कराई गईं। महिलाओं और बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कार्यक्रम के अंत में उपहार देकर सम्मानित किया गया। इससे प्रतिभागियों में उत्साह और सहभागिता की भावना बढ़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वार्ड पार्षद पीयूष अमृत साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निरंतर बच्चों और महिलाओं के हित में कार्य करती हैं। वे शासन की योजनाओं को जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान सुधा रात्रे और किरित सोनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीदियों, सहायिका दीदियों और मितानिन को सम्मानित किया गया। आभार स्वरूप उन्हें पुष्पगुच और नारियल भेंट किए गए। इस दौरान उनके समर्पण और सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सभी कार्यकर्ताओं को उनके निरंतर योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।



नगरीय निकायों में सेवा सेतु शिविर 5 एवं 7 को

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने से 05 एवं 07 अक्टूबर 2026 को सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 5 अक्टूबर को नगरपालिका महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली तथा नगर पंचायत तुमगांव, पिथौरा में तथा 7 अक्टूबर को नगर पालिका महासमुंद एवं नगर पंचायत बसना में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों की स्थानीय स्तर की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का निराकरण करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। शिविरों के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नगर पालिका महासमुंद के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ शर्मा को नोडल अधिकारी तथा उप अभियंता हेमंत पिस्दा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका बागबाहरा के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा नोडल अधिकारी तथा उप अभियंता शशिप्रताप सिंह सहायक नोडल अधिकारी होंगे। नगर पालिका सरायपाली में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव को नोडल अधिकारी तथा उप अभियंता दीपक कुमार देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत तुमगांव में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश सिंह नोडल अधिकारी एवं लेखापाल मुकेश निषाद सहायक नोडल अधिकारी, नगर पंचायत पिथौरा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिरझूराम सोनबेर नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता अर्जुन कुमार निर्मल सहायक नोडल अधिकारी तथा नगर पंचायत बसना में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता सुरेश गुप्ता सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

बीआरसीसी ने की विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



विकासखंड स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा में विभागीय कार्यों की प्रगति एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) देवानंद नायक एवं समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया।

बैठक में बीआरसी देवानंद नायक द्वारा विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपार आईडी, एसएचवीआर की जानकारी, एक पेड़ मां के नाम अभियान, किचन गार्डन विहीन विद्यालयों की जानकारी, यू-डाइस स्टूडेंट मॉड्यूल एवं टीचर मॉड्यूल सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही एनआरटीसी बच्चों की सूची, जिन बच्चों का आधार उपलब्ध नहीं है उन्हें छोड़कर शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी संबंधी एसओ3 फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करने, स्टूडेंट मॉड्यूल में विद्यार्थियों को इंपोर्ट करने अथवा कक्षा परिवर्तन में समस्या होने पर एसओ3 फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। यू-डाइस में जिन शिक्षकों का स्थानांतरण हो चुका है, सेवानिवृत्त हो चुके हैं अथवा जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके स्थान पर प्रभारी शिक्षक का नाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी की जानकारी हार्ड कॉपी में जमा करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में सीजीवीएसके ऐप में शिक्षक पंजीयन एवं उपस्थिति की जानकारी, विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति तथा अन्य विभागीय विषयों की भी समीक्षा की गई। बीआरसी देवानंद नायक ने सभी संकुल समन्वयकों को संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



खबर संक्षेप



कॉलेज में वृद्धजन दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शपथ ग्रहण सत्र का आयोजन किया गया। आयोजन कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण के निर्देशानुसार एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्रालय की अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य प्रो. डॉ. रीता पांडे द्वारा विद्यार्थियों को वरिष्ठ जनों के प्रति सम्मान, देखभाल एवं करुणा का भाव रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रासेयो जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी, वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी एवं आशुतोष पुरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

गांधी व शास्त्री की जयंती आज

महासमुंद। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि देश में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था।

सामान्य सभा की बैठक 9 को

महासमुंद। जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में 09 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सहकारिता विभाग से संबंधित तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

आयोजन : सेवा सेतु अभियान अंतर्गत बिरकोनी में लगा शिविर

सेवा संकल्प अभियान विकसित भारत की दिशा में है मजबूत संकल्प : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित सेवा सेतु अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने विकासखंड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिरकोनी सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा राम स्वरूप दीवान, जनपद सदस्य सुधा चंद्राकर, विजय लक्ष्मी जांगड़े, विष्णु साहू, सरपंच चंदना चंद्राकर, संदीप घोष, जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा आनंद, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभागों से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही एवं नागरिकगण मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों, हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। विधायक सिन्हा ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को पात्रतानुसार प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में महासमुंद विकासखंड की 27 ग्राम पंचायतों के नागरिकों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के समाधान की कार्यवाही की गई।

शिविर में केंद्र एवं राज्य शासन की 26 महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी गई। साथ ही विभागों द्वारा इन योजनाओं के अंतर्गत पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा मिलने वाले लाभ के संबंध में ग्रामीणों को सरल भाषा में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किट एवं सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, पीएम आवास के तहत हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई। कृषि विभाग द्वारा कृषि किट, मछली विभाग द्वारा जाल एवं आईस बॉक्स, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

ज्ञात है कि सेवा सेतु शिविर का आयोजन 03 अक्टूबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोसरंगी में, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम खुर्सीडबरी, पिथौरा अंतर्गत ग्राम सांकरा, बसना अंतर्गत ग्राम भूकेल तथा विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम केंदुआ में किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होकर सेवा सेतु अभियान का लाभ अवश्य उठाएं।

अभियान के माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प से जुड़ी रही है। इसी सेवा संकल्प को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के माध्यम से आगे बढ़ाते हुए शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, वात्सल्य एवं महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महासमुंद क्षेत्र में अधिक से अधिक पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। अभी 37 गांवों के 4670 आवासों के लिए 56 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सरकार हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए समाधान की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राजमहल मैदान की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



नगर के राजमहल मैदान में विगत 5 दशकों से माता रानी की सेवा में समर्पित 50 वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्था सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, राजमहल मैदान की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में आगामी 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व को भव्य एवं धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति द्वारा बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस वर्ष से घृत ज्योत को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके स्थान पर तेल ज्योत का शुल्क 701 रुपए निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान वर्ष 2026 के लिए समिति की नई कार्यकारिणी का गठन व मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल में बजरंग लाल अग्रवाल, मुद्रिका पांडे, प्रदीप बंसल, रितेश महंती, राजू सिन्हा (पार्षद) एवं अंकित बंसल शामिल किए गए हैं।

समिति की बागडोर सौंपते हुए इंद्रजीत सिन्हा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं पंकज सिंघल को उपाध्यक्ष, राजेश गोयल को सचिव, तनीष सिंघल को सहसचिव तथा रमाशंकर तिवारी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। धार्मिक अनुष्ठानों व कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए शिव बैगा को कार्यक्रम एवं पूजा प्रभारी तथा अभिनव शुक्ला (दद्दू महाराज) को पूजा प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक के अंत में समिति के सभी सदस्यों ने आगामी नवरात्र महोत्सव को श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया।

नागरिकों से भेंट कर पालिका अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

- नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा और शहर का समुचित विकास : नपाध्यक्ष

साहू ने पालिका कार्यालय में विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों, महिलाओं से भेंटकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। नागरिकों ने वार्ड में विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं। अध्यक्ष साहू ने सभी नागरिकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा और शहर का समुचित विकास है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है, इसलिए पालिका सदैव जनता के लिए उपलब्ध है। नागरिकों ने अपनी समस्याओं को सहजता से सुनने और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन पर अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुंबई में महासमुंद की राशि ने लहराया परचम, अंतरराष्ट्रीय कराते स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

महासमुंद। मुंबई में आयोजित 9वीं अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा छठवीं की छात्रा राशि साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर महासमुंद का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। 25 से 27 सितंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत सहित भूटान, थाईलैंड और मलेशिया के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राशि साहू ने अंतरराष्ट्रीय कराते मास्टर नीलकंठ साहू के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद राशि को आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए गोवा में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनकी अगली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मलेशिया में आयोजित होगी। राशि की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर कुबेर प्रकाश गिरी(प्राचार्य), दूषण लाल साहू, लोकेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार साहू, जितेंद्र चक्रधारी, दिनेश प्रताप ठाकुर, ऋषभ साहू, यमन सिंन्हा, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, मीरा चंद्राकर, किरण विश्वकर्मा, कुमारी साहू, दीपा साहू, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, जय श्रीवास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, संजू पारेश्वर, रामेश्वरी साहू, सुनीता साहू, भूमिका चंद्राकर, पुष्पा भारती चंद्राकर, गौरी साहू, ममता आदि ने हर्ष जताया है।



गांधी एवं शास्त्री जयंती पर नन्हे बच्चों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पीपी सेक्शन के नन्हे -मुन्ने बच्चों द्वारा गांधी रैली सर्वाधिक आकर्षक एवं प्रेरणा दायक रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भजन, देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविता की प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के डायरेक्टर ने विद्यार्थियों को गांधी एवं शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इन महान नेताओं का जीवन हमें सत्य, कर्तव्यनिष्ठा, सादगी और देशप्रेम की सीख देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर, 147 की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समाज में बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य और आदर को समर्पित वृद्धजनों का सम्मान, हमारे समाज का स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग, आशियाना वृद्ध आश्रम, आम वृद्धजन नागरिक उपस्थित हुए।



यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी माहेश्वरी तथा डीपीएम नीलू घृतलहरे के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में न केवल शारीरिक बीमारियों की जांच की गई, बल्कि आगामी 10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 को ध्यान में रखते हुए विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाकर बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

शिविर में पहुंचे 76 मरीजों का ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल जांचा गया तथा उन्हें आवश्यक निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। आयुष विंग के माध्यम से 71 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें प्राकृतिक एवं पारंपरिक आयुष औषधियां निःशुल्क वितरित की गईं। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत 11 बुजुर्गों की मनोसामाजिक काउंसलिंग की गई, जिससे उन्हें बुढ़ापे में होने वाले मानसिक तनाव और अवसाद से उबरने के उपाय बताए गए। शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह जिला चिकित्सालय महासमुंद और आयुष विभाग के विशेषज्ञ स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। इसमें डॉ. सर्वेश्वर दुबे (आयुष विंग), डॉ. अजय सिंह ठाकुर (एसएसके, कुम्हारपारा), नरेश कुमार गायकवाड़, जिला चिकित्सालय महासमुंद की विशेष टीम के राम गोपाल खूँटे (साइकियाट्रिक सोशल वर्कर), त्रिवेणी चक्रधारी, यादराम साहू, खोमन लाल साहू, अंबे श्रीवास, महेश भोई, अरविंद का सहयोग रहा।

सेवा सहकारी समिति चरौदा में आम सभा का आयोजन

अऋणी किसानों को नगद में खाद-बीज विक्रय की सुविधा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



सेवा सहकारी समिति चरौदा में किसानों की आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण सिंग ठाकुर, अध्यक्षता भुवन लाल साहू, विशिष्ट अतिथि चित्रसेन गिरी, यसवंत विभार, शिव विजय साहू, शेखर चंद्राकर थे।

सभा में क्षेत्र के किसानों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सहकारी समिति के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अऋणी किसानों को नगद भुगतान के आधार पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जो सहकारी समिति से किसी प्रकार का ऋण नहीं लेते हैं और अपनी कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करते हैं। इसके बावजूद उन्हें समिति से खाद एवं बीज खरीदने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसानों का कहना था कि यदि अऋणी किसानों को भी सहकारी समिति से नगद में खाद एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की सुविधा दी जाए तो उन्हें काफी राहत मिलेगी।

सभा में किसानों ने कहा कि खेती के लिए खाद एवं बीज समय पर उपलब्ध होना बेहद आवश्यक है। कई बार निजी दुकानों पर निर्भर रहने के कारण किसानों को अधिक कीमत पर कृषि सामग्री खरीदनी पड़ती है। ऐसे में सहकारी समिति के माध्यम से उचित दर पर खाद-बीज उपलब्ध होने से किसानों को आर्थिक रूप से लाभ मिल सकेगा। किसानों ने समिति प्रबंधक जयप्रकाश साहू एवं संबंधित सभा के अध्यक्ष भुवन लाल साहू से मांग की कि अऋणी किसानों के लिए नगद में खाद-बीज विक्रय की व्यवस्था प्रारंभ की जाए। साथ ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं अन्य कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।

आम सभा में अध्यक्ष भुवन साहू ने सहकारिता व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने उपस्थित किसानों की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। आम सभा में शेखर चंद्राकर, सोहन दीवान, भेखराम सिन्हा, जयलाल पटेल, संतराम साहू, फिरंता ध्रुव, पुरसोत्तम ध्रुव, सुखराम दीवान, केवा साहू, इंदल पूरेना, नारायण सिन्हा, मनोज चंद्राकर, नारद सिन्हा, रोहित सिन्हा, श्याम लाल, भारत कुर्रे, नोहर कोटवार समेत किसानजन उपस्थित रहे।

चुनाव आयोग की स्पष्टता से विपक्ष के आरोपों की खुली पोल : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मतदाता सूची के विशेष गहन

तथ्यहीन आरोपों और भ्रम की राजनीति से लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम न करे विपक्ष

पुनरीक्षण (Special Intensive Revision-SIR) को लेकर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर राजनीति करने के बजाय तथ्यों, कानून और संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई स्पष्टता के बाद SIR को लेकर विपक्ष द्वारा खड़े किए जा रहे अनेक सवालों की वास्तविकता सामने आ गई है। विपक्ष को चाहिए कि वह आधिकारिक तथ्यों और संवैधानिक व्यवस्था का अध्ययन करे तथा मतदाताओं के बीच भ्रम फैलाने से बचे। मतदाता सूची का समय-समय पर पुनरीक्षण लोकतांत्रिक निर्वाचन व्यवस्था का आवश्यक हिस्सा है। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा सूची को अधिक अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। निर्वाचन आयोग की मतदाता सेवाओं के माध्यम से नागरिक अपने नाम की जांच, विवरण में सुधार, नए मतदाता के रूप में पंजीयन तथा आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 की सुविधा भी उपलब्ध है।



स्वप्निल तिवारी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोप लगाने से पहले उसके समर्थन में प्रमाण और तथ्य प्रस्तुत करना भी उतना ही आवश्यक है। केवल राजनीतिक आरोपों और सोशल मीडिया पर चल रही अपुष्ट बातों के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा करना उचित नहीं है।

भाजपा जिला प्रवक्ता ने कहा कि ईवीएम, मतदाता सूची और निर्वाचन आयोग जैसे विषयों पर लगातार संदेह का वातावरण बनाने से सबसे अधिक नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम मतदाता के विश्वास को होता है। राजनीतिक दलों को अपनी आपत्तियां संवैधानिक एवं कानूनी मंचों पर तथ्यों के साथ रखने की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर बिना पर्याप्त आधार के आरोप लगाना उचित नहीं है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में न रहे, यह सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था की जिम्मेदारी है। साथ ही नागरिकों और राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी है कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सहयोग करें और पात्र मतदाताओं को जागरूक करें।

स्वप्निल तिवारी ने कहा कि कांग्रेस एवं विपक्षी दल यदि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस आपत्ति रखते हैं तो उन्हें संबंधित दस्तावेजों और प्रमाणों के साथ निर्वाचन आयोग के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। केवल राजनीतिक बयानबाजी के माध्यम से संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है।राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व को निर्वाचन आयोग के संबंध में लगाए गए आरोपों पर तथ्य सामने रखने चाहिए और यदि उनके आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं तो देश की जनता तथा संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। लोकतंत्र में संस्थाओं की आलोचना तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक सुविधा के अनुसार।

उन्होंने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मत है कि मतदाता सूची हो या निर्वाचन प्रक्रिया—हर विषय पर पारदर्शिता, कानून और संवैधानिक व्यवस्था सर्वोपरि होनी चाहिए। जनता को भ्रमित करने के बजाय राजनीतिक दलों को लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

